www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार,8 मई 2026

## सुविचार



अंधकार से अंधकार को दूर नहीं किया जा सकता है, केवल प्रकाश से ही ऐसा किया जा सकता है, नफरत से नफरत को नहीं हटाया जा सकता है, केवल प्यार से ही ऐसा किया जा सकता है।

-मार्टिन लूथर किंग, जूनियर

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- जीजा ने की थी हिस्ट्रीशीटर साले की हत्या, गिरफ्तार II
- इकाना में बिजली की तरह गिरीं प्रिंस की गेंदें III
- एकेटीयू में शुरू हुई फोटोग्राफी प्रदर्शनी IV


## शहर में आज



- लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम का सम्पूर्ण समाधान- 10:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ.सूर्यकांत बने राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति चेयरमेन



**अमृत विचार,लखनऊ :** टीबी मरीजों की मृत्युदर में कमी लाने के लिए प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में अलग आईसीयू बनाया जाएगा। टीबी कमिटेड आईसीयू के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) एवं गाइडलाइन तैयार की जाएगी। राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति बनाकर केजीएमयू रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त को चेयरमैन बनाया गया है। डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि टीबी के वे रोगी, जिनका ऑक्सीजन स्तर 90 प्रतिशत से कम होता है, उन्हें टीबी आईसीयू की आवश्यकता होती है। कुछ महीने पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने आदेश पारित किया है कि देश के प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में टीबी आईसीयू सुविधा युक्त कम से कम एक बेड अवश्य होना चाहिए। इसी क्रम में यह समिति बनाई गई है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानन्द ने चेयरमैन बनाए जाने पर डॉ. सूर्यकान्त को बधाई दी है।

### पीजीटी प्रवक्ता परीक्षा 9 व 10 को 29 केंद्रों पर

**अमृत विचार,लखनऊ :** जीपीटी प्रवक्ता पद के लिए परीक्षा 9 और 10 मई को लखनऊ के 29 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए कुल 51132 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा का नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन शुभी सिंह को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये जाएंगे।

### 75 लाख की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम ने गुरुवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम अमौसी में लगभग 75 लाख मूल्य की 5000 वर्ग फीट सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि गाटा संख्या 3163, क्षेत्रफल 0.238 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज है। आरोप है कि कुछ प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अस्थायी प्लाटिंग की जा रही थी। नगर निगम की टीम ने जेसीबी से अवैध कब्जे और प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई नायब तहसीलदार नगर निगम रत्नेश कुमार के निर्देशन में नगर निगम लेखपाल अजीत तिवारी तथा तहसील लेखपाल संजय शुक्ला की उपस्थिति में की गई।

### साधु-संतों ने की पुरोहित बोर्ड बनाने की मांग

**अमृत विचार,लखनऊ :** साधु-संतों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर बेहटा माल रोड आश्रम से पदयात्रा निकाली। ये यात्रा भुईयन माता मंदिर में संपन्न हुई। साधु-संतों ने आरोप लगाया कि मंदिरों से जुड़े साधु-संतों की उपेक्षा हो रही है। मंदिरों पर दबंगों द्वारा अवैध किए जा रहे हैं, साधु-संतों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बीमार होने पर उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती। आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जाना चाहिए। पुरोहित बोर्ड का गठन करने की मांग भी की। पदयात्रा संयोजक जनसेवक राजा अवस्थी ने बताया कि यात्रा में राजा दास, एडवोकेट पुजारी मनोज पांडे, रामकिशन दास, मंगल बाबा, सर्वेश गिरि, कमलेश बाना सहित कई साधु-संत शामिल हुए। नटखेड़ा महामंडलेश्वर सोमवार गिरि का आशीर्वाद भी लिया।

# आय बढ़ाने को होर्डिंग्स, फ्लैक्स, कियास्क की संख्या बढ़ाएगा नगर निगम

- एजेंसी चयनित करने के लिए निकाला गया टेंडर
- आठ जोन, विस्तारित इलाकों में लोकेशन चिन्हित करेगी एजेंसी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अपनी आय बढ़ाने के लिए नगर निगम शहर के विस्तरित इलाकों में भी होर्डिंगस, बैनर आदि लगवाएगा। नई प्रचार नियमावली 2025 के तहत नगर निगम ने एजेंसी चयनित करने के लिए टेंडर निकाल दिया है।

ये एजेंसी सभी आठों जोनों और विस्तारित इलाकों में प्राइम लोकेशन चिन्हित करेगा। 3 महीने में एजेंसी ऐसे स्थलों की रिपोर्ट नगर निगम को सौंप देगी। कमेटी की बैठक के बाद नगर निगम का प्रचार विभाग होर्डिंग्स, फ्लैक्स, एलईडी स्क्रीन, बस शेल्टर, पोल कियास्क आदि के लिए टेंडर निकालेगा। इस कवायद में चार महीने का समय लग जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में होर्डिंग्स सहित अन्य विज्ञापन का टेंडर 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है। नया टेंडर नई प्रचार नियमावली के तहत कराया जाएगा। इस दौरान जिन एजेंसियों द्वारा विज्ञापन पट लगाए जाएंगे उनसे नगर निगम 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रचार शुल्क जमा कराएगा। इससे नगर निगम को टेंडर में देरी के बाद भी नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। अधीक्षक प्रचार ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी आठों जोनों और विस्तारित इलाकों में प्राइम लोकेशन चिन्हित करने के लिए एजेंसी चयनित की जाएगी। इसके लिए टेंडर निकाला गया है। एजेंसी फाइनल होते ही काम शुरू करे देगी। प्रचार के लिए नए स्थानों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे नगर निगम की आय बढ़ेगी।

### देना होगा मजबूती प्रमाण पत्र, कराना होगा इन्श्योरेंस

- निजी भवनों की छतों पर होर्डिंग्स लगाने के लिए अब विज्ञापन एजेंसियों को बिल्डिंग के मजबूती प्रमाणपत्र के साथ थर्ड पार्टी इन्श्योरेंश भी कराना होगा। होर्डिंग लगाते समय प्रचार विभाग में ये दस्तावेज जमा करने होंगे। होर्डिंग गिरने से दुर्घटना या भवन को नुकसान पहुंचने की स्थिति में प्रभावित लोगों को एजेंसी मुआवजा देगी।



भवनों पर होर्डिंग्स लगाने के लिए ये सुनिश्चित करना होता है कि भवन की दीवार और छत मजबूत है या नहीं। इसके बाद ही होर्डिंग्स लगाने के अनुमति दी जाती है। इसके बावजूद शहर में बड़ी संख्या में जर्जर भवनों व दीवारों पर होर्डिंग्स लगा दिए गए हैं। -अमृत विचार

## डांस एकेडमी का वार्षिक उत्सव कल

**अमृत विचार,लखनऊः** नृत्य फ्रोलिक डांस एकेडमी की संस्थापक और कथक गुरु पल्लवी प्रजापति के मार्गदर्शन में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कलायात्रा सीजन-3 का आयोजन शनिवार 9 मई को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया जाएगा। इसमें एल्डिको सिटी स्थित नृत्य फ्रोलिक डांस एकेडमी के 4 से 30 वर्ष की आयु के जोशीले प्रतिभागी भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और फ्यूजन नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कथक नृत्यांगना व गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ. एसपी मिश्रा, भरत सिंह बिष्ट, आकांक्षा आनंद, लवीना जैन और लवली घिल्डियाल होंगे। प्रतिभागियों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

# 1352 नालों की सफाई में खर्च होंगे 15 करोड़

## नगर निगम ने निकाला टेंडर, 15 जून तक पूरा कराना होगा कार्य

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर के नालों की सफाई के लिए टेंडर कर दिया है। करीब 1041 किलोमीटर लंबे 1352 बड़े, मध्यम और छोटे नालों की सफाई 15 जून तक यानी लगभग 40 दिनों में पूरी करानी है। प्रमुख नालों की सफाई आरआर विभाग और मध्यम नालों की सफाई मुख्य अभियंता सिविल कार्यालय कराएगा। नालों की सफाई पर नगर निगम ने 15 करोड़ रुपये खर्च करेगा। अधिकारियों का दावा है कि मानसून से पहले सभी नालों की तलीझाड़ सफाई करा ली जाएगी।

मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि नगर निगम की सीमा में छोटे, मध्यम और बड़े 1352 नाले हैं। इनकी कुल लंबाई 1041 किलोमीटर है। इसमें 3 मीटर से अधिक चौड़ाई के 57 बड़े नालों की लंबाई 108 किलोमीटर है। इसके अलावा 1 से 3 मीटर चौड़ाई के 335 मझोले नालों की लंबाई 478 किलोमीटर और आधा मीटर से अधिक और 1 मीटर से कम चौड़ाई के 960 छोटे नालों की लंबाई 454 किलोमीटर है। इन नालों की सफाई का काम भी शुरू करा दिया गया है। 15 जून तक सफाई का काम पूरा करना है। प्रमुख नालों की सफाई आरआर विभाग मशीनरी से कराएगा। मध्यम नालों की सफाई मुख्य अभियंता सिविल कार्यालय से कराई जाएगी। नालों की सफाई की मॉनिटरिंग प्रत्येक सप्ताह की जाएगी। इसके अलावा सभी जोनों के अधिशासी अभियंता कार्यालय से हर हफ्ते सफाई कार्य की प्रगति की रिपोर्ट ली जाएगी। इसके अलावा नाला सफाई कार्य की गुणवत्ता की जांच अभियंता करेंगे। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही मिलने पर ठेकेदार और संबंधित जेई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



मानसून आने में हालांकि अभी समय है, लेकिन इन दिनों भी बारिश हो रही है। बारिश में जलभराव होने पर सड़क किनारे के ऐसे गड्ढे जानलेवा हो सकते हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। -प्रमोद शर्मा

## 18 डिग्री तक लुढ़का न्यूनतम तापमान

- सुबह बारिश के बाद निकली धूप दिन में फिर छाए बादल
- शाम को भी रुक-रुककर होती रही बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शहर में मौसम का मिजाज गुरुवार को भी बदला-बदला नजर आया। सुबह हल्की बारिश के बाद तेज धूप निकल आई, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में फिर बादल छा गए। शाम के समय शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। लगातार बदलते मौसम के कारण पूरे दिन वातावरण सुहावना बना रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

पिछले तीन दिनों से जारी बारिश और बादलों की आवाजाही का असर तापमान पर भी साफ दिखाई दिया। गुरुवार को अधिकतम तापमान करीब तीन डिग्री सेल्सियस गिरकर 29.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 10.2 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी लगभग तीन डिग्री की गिरावट के साथ 18 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 6.3 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। तापमान में आई इस गिरावट से सुबह और रात के समय हल्की ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी शहर में में मौसम का यही रुख बने रहने की संभावना है। दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमीय गतिविधियों के कारण फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। लगातार बदलते मौसम के चलते लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## जून से 1563 जोड़ों का विवाह कराएगा विभाग

**अमृत विचार,लखनऊ :** जिले में जून से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इस वर्ष 1563 गरीब जोड़ों के विवाह का लक्ष्य समाज कल्याण विभाग को मिला है। विवाह की तिथियां निकलवाने लगे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामूहिक विवाह जून से कराए जाएंगे। कमेटी ने कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। साथ ही शुभ मुहूर्त की तिथियां निकालने लगे हैं। तिथियां जिलाधिकारी स्तर से तय की जाएंगी। स्थानीय व्रत, त्योहार व नवरात्र में भी विवाह कराए जाएंगे। खानपान, वित्तीय स्वीकृति आदि व्यवस्थाओं में बदलाव भी किया गया। योजना कुल एक लाख रुपये की है। इसमें 25 हजार का घरेलू सामान, 15 हजार रुपये आयोजन में खर्च व 60 हजार लड़की के खाते में डीबीटी के माध्यम भेजे जाते हैं। इस बार से लड़की के खाते में धनराशि आधार बेस्ड भेजने की तैयारी है।

# विटामिन डी की कमी का कारण भी बन सकता है फैटी लिवर

- एसजीपीजीआई वै ज्ञानिकोंके नए शोध में सामने आई चिंताजनक जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के वैज्ञानिकों के एक नए शोध में सामने आया है कि फैटी लिवर की बीमारी केवल लिवर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह शरीर में विटामिन डी की गंभीर कमी का कारण भी बन सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, ज्यादा फैट और शुगर वाले भोजन से प्रभावित लिवर धीरे-धीरे विटामिन डी को शरीर के उपयोग योग्य सक्रिय रूप में बदलने की क्षमता खोने लगता है।

शोध में बताया गया कि विटामिन डी शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक पोषक तत्व है। इसकी कमी से हड्डियों की कमजोरी, शरीर में दर्द, जल्दी थकान, मांसपेशियों में कमजोरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता घटने जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यह अध्ययन एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के एडीशनल प्रोफेसर डॉ. रोहित एंथनी सिन्हा के नेतृत्व में पीएचडी शोधार्थी अभिषेक यादव और उनकी टीम द्वारा किया गया। शोध में इंसानी लिवर के नमूनों और पशु मॉडल का अध्ययन किया गया।



अध्ययन में पाया गया कि अधिक फैट वाला भोजन "साइप टू आर वन" नामक एंजाइम को कमजोर कर देता है। यही एंजाइम विटामिन डी को सक्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस एंजाइम की कार्यक्षमता घटने से शरीर में विटामिन डी की कमी बढ़ने लगती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि ''मैश'' और ''नैश'' फैटी लिवर की गंभीर अवस्थाएं हैं, जिनमें लिवर में सूजन और घाव बनने लगते हैं। समय पर इलाज न मिलने पर यह बीमारी सिरोसिस का रूप ले सकती है।

डॉ. रोहित एंथनी सिन्हा ने कहा कि यह शोध फैटी लिवर के मरीजों में अक्सर देखी जाने वाली विटामिन डी की कमी के कारणों को समझने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही, भविष्य में इससे बीमारी की प्रगति रोकने के नए उपचार विकसित करने में मदद मिल सकती है।

विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि फैटी लिवर से पीड़ित मरीज नियमित रूप से विटामिन डी की जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह के अनुसार खानपान व जीवनशैली में सुधार करें।

# दो वर्ष की बच्ची के पेट में डेढ़ किलो का ट्यूमर

- केजीएमयू के चिकित्सकों ने सर्जरी कर निकाला ट्यूमर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** केजीएमयू के चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी कर दो साल की बच्ची के पेट से डेढ़ किलो का ट्यूमर निकाला। बच्ची का वजन करीब 10 किलो है। ट्यूमर बच्ची की आंत, गुर्दे पर दबाव बना रहा था। जिससे उसे पाचन समेत दूसरी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ऑपरेशन के बाद बच्ची अब सेहतमंद है। गुरुवार को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

बस्ती के काबरा स्थित मुंडेरवा गांव निवासी शिवम की दो वर्षीय बेटी अंशिका लंबे समय से पेट दर्द से परेशान थी। परिवारीजनों ने बच्ची को कई स्थानीय अस्पतालों में दिखाया। इलाज से फायदा नहीं हुआ। इलाज के बावजूद पेट बढ़ता जा रहा था। शुरू में परिवार को लगा कि यह खानपान या दूध पीने की वजह से है। लेकिन समय के साथ पेट और बढ़ने लगा। गुजरे दो माह से बच्ची को लगातार पेट दर्द, भूख कम लगना, उल्टी और अपच की शिकायत होने लगी। डॉक्टर की सलाह पर परिवारीजनों ने अल्ट्रासाउंड जांच कराई। जिसमें पेट में ट्यूमर का पता चला। परिवारीजन बच्ची को लेकर केजीएमयू पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग पहुंचे।

पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत व डॉ. आनंद पांडे के निर्देशन में बच्ची की जांचें कराई गईं। सीटी स्कैन में पता चला कि उसके पेट में लिपोब्लास्टोमा नाम का दुर्लभ ट्यूमर है। डॉ. जेडी रावत ने बच्ची के पेट का ऑपरेशन करने का फैसला किया। परिवारीजनों को पूरी जानकारी दी। परिवारीजन ऑपरेशन को राजी हो गए। 27 अप्रैल को बच्ची को भर्ती कर लिया गया। ऑपरेशन कर बच्ची के पेट से करीब डेढ़ किलो का ट्यूमर निकाला। ट्यूमर आंतों, दाहिने गुर्दे और आसपास की संरचनाओं को दबा रहा था। बच्ची का ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. जेडी रावत, डॉ. आनंद पांडे, डॉ. राहुल राय, डॉ. कौशल कुलकर्णी और डॉ. कृति पटेल की टीम ने सफल ऑपरेशन किया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. सतीश वर्मा ने शामिल रहे।



बच्ची के साथ ऑपरेशन करने वाली केजीएमयू की टीम। अमृत विचार

**सतर्कता** | चोरी, यात्रियों के साथ बदसलूकी और रेलवे कर्मियों से रोकने को हाईटेक तैयारी

# लखनऊ से चलने वाली 175 ट्रेनों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ से दिल्ली, मुंबई और हावड़ा जैसे प्रमुख रूटों पर चलने वाली 175 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की बोगियों में अब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन के मैकेनिकल विभाग ने इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में चयनित ट्रेनों के प्रत्येक कोच में हाई डेफिनिशन (एचडी) कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों को सीधे रेलवे मंडल के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जिससे अधिकारी रियल टाइम में कोच के भीतर की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस व्यवस्था से सामान चोरी, यात्रियों के साथ बदसलूकी और रेलवे कर्मचारियों के साथ होने वाले विवाद जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करना आसान होगा।

वंदे भारत ट्रेनों में पहले से सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। रेलवे बोर्ड ने शताब्दी समेत अन्य ट्रेनों में भी कैमरे लगाने की योजना बनाई थी। इसी क्रम में अब मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में सीसीटीवी लगाने की कार्ययोजना को तेजी से लागू किया जा रहा है।

### पेंट्रीकार पर भी रहेगी नजर

- यात्रियों की ओर से लंबे समय से पेंट्रीकार में गंदगी और खराब भोजन गुणवत्ता की शिकायतें मिलती रही हैं। अब पेंट्रीकार में भी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे भोजन तैयार करने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हो सकेगी। यदि गंदगी या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगाने के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे का मानना है कि सीसीटीवी निगरानी से खानपान व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार आएगा।



### अप्रैल में 88 एसी जनरथ बसें रास्ते हुईं खराब

- **अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी के बीच रोडवेज की एसी जनरथ बसें रास्ते में खराब हो रही हैं। अप्रैल में 88 बसें ब्रेकडाउन होने के कारण रास्ते से ही लौटानी पड़ी। 12 से अधिक बसों को निरस्त भी करना पड़ा। इससे यूपीएसआरटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन सीट बुकिंग कराने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इन बसों की देखरेख और मरम्मत के लिए जिम्मेदार कंपनी मेसर्स एसडीएल स्क्रैपवेंचर को अवध डिपो के एआरएम सत्यनारायण ने नोटिस जारी किया है। आलमबाग और कैसरबाग बस अड्डों से चलने वाली जनरथ बसें गोरखपुर, आजमगढ़, दिल्ली, मथुरा, आगरा, अलीगढ़, बढ़नी, प्रयागराज, डुमरियागंज और बरेली समेत 17 प्रमुख रूटों पर ब्रेकडाउन हो गईं। इससे इन बसों को लौटाना पड़ा। इन बसों के यात्रियों को रास्ते में ही उतार दिया गया। कई यात्रियों को किराये की वापसी के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक रोजाना 20 से अधिक एसी बसें मरम्मत के कारण रूट पर नहीं जा पा रही हैं। एआरएम सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि लखनऊ परिक्षेत्र में इस समय 110 एसी बसों का विभिन्न मार्गों पर संचालन किया जा रहा है। बसें अपनी समय सीमा पूरा कर चुकी है जिसके कारण ब्रेकडाउन की समस्या आ रही है। अधिक कूलिंग क्षमता वाली 23 अतिरिक्त बसों को आगरा, दिल्ली और एक्सप्रेसवे पर लगाया गया है।

# गोमती बैराज पर 39 दिन बंद रहेगा आवागमन

- दो गेट बदलने के लिए आज से शुरू होगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोमती बैराज को हाईटेक बनाने व दो गेटों को बदलने का काम शुक्रवार से शुरू होगा। कानपुर गंगा बैराज की तर्ज पर यहां भी मैन्युअल सिस्टम खत्म कर कंप्यूटराइज्ड कंट्रोल सिस्टम लागू किया जाना है। इसके लिए बैराज परिसर में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से सभी गेट एक क्लिक से खोले और बंद किए जा सकेंगे। इस काम को पूरा करने में करीब 40 दिन से समय लगेगा। इसे देखते हुए 8 मई से 15 जून तक बैराज पर यातायात पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने गुरुवार देर शाम को डायवर्जन व्यवस्था लागू जारी किया। डीसीपी के मुताबिक गोमती नदी पर निर्मित गोमती बैराज के गेटों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। इस वजह से 8 मई से 15 जून तक वाहन चालक समतामूलक से बैकुंठ धाम की तरफ जाने के लिए समतामूलक चौराहे से गांधी सेतु होकर 1090 चौराहा, पीएनटी, बालू अड्डा, बैकुंठ धाम तिराहा, भैसा कुंड होकर या समतामूलक चौराहा से सेन्ट्रल अकादमी ग्रीन कॉरिडोर तिराहा होकर जा सकेंगे। किसी चिकित्सकीय या अन्य अपरिहार्यता की स्थिति में ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर-9454405155 सूचना देने से आवागमन की अनुमति दी जा सकेगी।

## सिटी ब्रीफ

### नर्सिंग ऑफिसर के मकान में चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के वृंदावन योजना में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के निर्माणाधीन मकान चोरों ने बिजली की वॉयरिंग चोरी कर ली। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। वृंदावन योजना सपना एंक्लेव निवासी एवं संजय गांधी पीजीआई में तैनात वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि उनके सेक्टर-18 स्थित निर्माणाधीन मकान में विद्युत फिटिंग और अन्य काम चल रहा था। बुधवार शाम मजदूर काम खत्म कर लौट गए थे। गुरुवार सुबह पहुंचने पर चोरी का पता चला। चोर बिजली के महंगे तार, फिटिंग का सामान समेत करीब तीन लाख रुपये का माल समेट ले गए थे। इसमें करीब डेढ़ लाख रुपये के बिजली के तार शामिल हैं।

### घर पर मृत मिला टाइल्स मिस्त्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर इलाके में टाइल्स मिस्त्री घर पर मृत अवस्था में मिला। मूल रूप से संतकबीर नगर निवासी टाइल्स मिस्त्री सुनील पाल (38) इंदिरानगर के हरिहरपुर में पत्नी राजमति व बच्चों संग रहता था। बुधवार रात में सुनील घरवालों संग भोजन करके सो गया था। सुबह परिजन ने जगाया लेकिन शरीर में कोई हरकत नहीं मिली। परिजन ने अस्पताल पहुंचाया, जहां सुनील को मृत घोषित कर दिया गया। गाजीपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गांजे की सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर पुलिस ने करीब दो किलो गांजे के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। छानबीन में सामने आया कि आरोपी ऑन डिमांड गांजे की सप्लाई करता था। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि हनीमैन चौराहे से रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले रास्ते पर बुधवार को चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध पुलिस टीम को दिखाई दिया। पुलिस टीम ने पकड़ कर तलाशी ली। उसके पास से 2 किलो 15 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बाराबंकी के टिकैतनगर छतापुर कला निवासी अजीत तिवारी बताया। आरोपी ने कबूला कि वह ऑन डिमांड होटलों और क्लबों में गांजे की सप्लाई करता है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पता कर रही है।

### दो वारंटी भाई धरे गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा पुलिस ने दो वारंटी भाइयों को गिरफ्तार किया है। मारपीट, गाली-गलौज व धमकी के मामले में आरोपी करीब सात साल से फरार चल रहे थे। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सूरज और उसका भाई सुनील रावत थाना क्षेत्र के रजौली के रहने वाले हैं।

### एयरपोर्ट पर करोड़ों की हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से करीब 2.859 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ 86 लाख रुपये बताई जा रही है। कस्टम आयुक्त मयंक शर्मा के अनुसार खुफिया सूचना के आधार पर एआईयू टीम ने बुधवार देर रात ग्रीन चैनल पर यात्री को रोककर उसके चेक-इन बैगेज की तलाशी ली। जांच के दौरान बैग से 12 वैक्यूम पैक पाउच बरामद हुए, जिनमें हरे रंग का प्रतिबंधित मादक पदार्थ मिला। शुरुआती जांच में इसे हाइड्रोपोनिक वीड पाया गया। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# कांस्टेबल ने लगाया पुलिस अधिकारी और आरआई पर वसूली का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ड्यूटी के नाम पर आरक्षियों से वसूले जाते हैं दो हजार रुपये प्रतिमाह

**अमृत विचार:** लखनऊ कमिश्नरेट की रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल सुनील कुमार शुक्ला ने पुलिस अधिकारी व आरआई पर वसूली का आरोप लगाया है। सुनील का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें ड्यूटी लगाने के नाम पर आरक्षियों से हर महीने दो हजार रुपये की वसूली करने का आरोप है। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने एडीसीपी लाइन को जांच का आदेश दिया है। जांच रिपोर्ट के आधार आगे की कार्रवाई की बात कही है।

बीस दिन की छुट्टी पर गए रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सुनील कुमार शुक्ला ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर आरआई और अफसरों पर वसूली के आरोप लगाए। वीडियो में सिपाही ने आरोप लगाया कि लखनऊ के साथ ही विभिन्न जनपदों में पुलिस लाइन में ड्यूटी के नाम पर हर जवान से दो हजार रुपये प्रति माह वसूले जा रहे हैं। सुनील कुमार शुक्ला वर्ष 2015 बैच का सिपाही है। मूल रूप से अमेठी के गौरीगंज का रहने वाला है। वायरल वीडियो में सिपाही वर्दी पहने हुए है। उसने सबसे पहले अपना नाम बताते हुए कहा कि लाइन में तैनात आरआई गणना प्रभारी के जरिए वसूली का नेटवर्क चला रहे हैं। आरआई को आईपीएस द्वारा नियुक्त किया जाता है। आरआई वसूली के लिए एक गणना प्रभारी को नियुक्त करता है। गणना प्रभारी अपनी सुविधा के अनुसार एक गार्द कमांडर की नियुक्ति करता है। गार्द कमांडर हर महीने प्रति सिपाही दो हजार रुपये वसूली करता है। ड्यूटी लगवाने के लिए सभी को दो हजार रुपये देने होते हैं। यह वसूली विभिन्न जनपदों की पुलिस लाइन में होती है। आरोप है कि गार्द कमांडर और आरआई अपना हिस्सा रख लेता है। सिपाही ने आईपीएस को काले अंग्रेज के नाम से संबंधोति करते हुए कहा कि वसूली का बाकी हिस्सा अफसरों को जाता है। सिपाही सुनील ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### प्रतिमाह आठ लाख रुपये की वसूली



- सिपाही सुनील ने वीडियो में आरोप लगाया कि लखनऊ पुलिस लाइन में 110-120 गारद हैं। इसमें करीब 500 से 550 सिपाही और दीवान हैं। करीब 400 सिपाहियों को ड्यूटी मिलती है। 400 से दो हजार का गुणा करने पर आठ लाख की वसूली सिर्फ एक गणना से पुलिस लाइन में होती है। गारद में तैनात सिपाही, दीवान, दरोगा को वेतन के अलावा टीए, डीए भी मिलता है। पुलिस लाइंस के आरआई प्रथम ब्रजेंद्र सिंह ने बताया वसूली के सारे आरोप निराधार हैं। सिपाही सुनील की पत्नी भी आरक्षी हैं। वह रायबरेली में तैनात हैं। सिपाही की कुछ पारिवारिक दिक्कतें भी हैं। वह बुधवार से 20 दिन के अवकाश पर है। मकान बनवाने के नाम पर छुट्टी लेकर गए हैं। उसके बाद वीडियो वायरल हुआ है।

### जांच के लिए कमेटी गठित


शिप्रा पांडेय

- मामले को गंभीरता से लिया गया है। आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। एसओपी के अनुसार ही ड्यूटी लगाई गई है। गणना अधिकारियों में उच्चाधिकारियों द्वारा परिवर्तन किया जाता है। आरक्षी 20 दिन के अवकाश पर है। जांच एडीसीपी लाइन द्वारा की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

–शिप्रा पांडेय, एसीपी लाइन, लखनऊ

# जीजा-साले ने की थी हिस्ट्रीशीटर की हत्या, गिरफ्तार

## पहले शराब पिलाई फिर कनपटी मारी गोली और सिर पर वार कर की हत्या, आरोपियों के पास से तमंचा, खोखा, दो मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हिस्ट्रीशीटर सचिन की दबंगई से दुकान बंद करना बना हत्या का कारण

**अमृत विचार :** पीजीआई के रेवतापुर निवासी हिस्ट्रीशीटर सचिन यादव उर्फ कालिया (30) की हत्या का खुलासा सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में कमल और उसके साले संतोष कुमार यादव को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने 3 मई को सचिन को शराब पिलाई, जब वह नशे में हो गया तो उसकी कनपटी पर गोली मार दी। फिर भारी सामान से ताबड़तोड़ सिर पर कई वार कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा, खोखा व दो मोबाइल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर सचिन की दबंगई के कारण संतोष को अपनी दुकान बंद करनी पड़ी थी। यही हत्या का मुख्य कारण बना।

डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद के मुताबिक पीजीआई के रेवतापुर निवासी हिस्ट्रीशीटर सचिन 3 मई को घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं वापस आया। परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। पांच मई की सुबह उसका शव खून से लथपथ अवध विहार योजना के सेक्टर-8 में नगराम मोड़ स्थित एक निजी स्कूल के पीछे पड़ा मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली मारकर हत्या करने की पुष्टि हुई। भाई जितेन्द्र कुमार यादव की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। भाई ने चाचा और उसके परिजन पर हत्या का आरोप लगाया था।

### साथ में शराब पीते देखे गए थे आरोपी

- डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में देवामऊ का कमल सिंह यादव उर्फ टिंकू और संतोष कुमार यादव है। जांच में सामने आया कि कमल और संतोष को 3 मई को घटना स्थल के पास शराब पीते देखा गया था। पुलिस ने इसी इनपुट पर जांच आगे बढ़ाई तो हत्याकांड की परतें खुलने लगी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पहले तो दोनों ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पर, पुलिस के सख्ती और सर्विलांस से मिले अहम साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों ने पूरी वारदात कुबूल कर ली।


पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी। अमृत विचार

### अपने ही तमंचे से मारा गया सचिन



- डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद के मुताबिक अरोपियों ने बताया कि उन्हें पता था कि हिस्ट्रीशीटर सचिन अपने पास तमंचा रखता है। इस लिए उन लोगों ने योजना बनाई थी कि उसे खूब शराब पिलाकर उसी के तमंचे से उसकी हत्या कर देंगे। आरोपियों ने ऐसा ही किया। सचिन को खूब शराब पिलाई। इसके बाद उसका तमंचा छीन कर उसे गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपित कमल यादव स्कूल बस का ड्राइवर है। वहीं आरोपित संतोष गुटखा, सिगरेट और पानी की गुमटी लगाता था। भाई जितेन्द्र कुमार यादव ने सचिन की हत्या का आरोप चाचा और परिजन पर लगाया था। क्योंकि दोनों ही परिवार में खूनी संघर्ष भी हो चुका था। पुलिस उस दिशा में भी छानबीन कर रही थी। पर, पुलिस को चाचा और उनके परिजन की भूमिका नहीं मिली। पुलिस की सही दिशा में की गई पड़ताल के चलते चाचा व उसके परिजन जेल जाने से बच गए।

### हिस्ट्रीशीटर की दबंगई के कारण बंद करनी पड़ी थी दुकान

- इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक कमल ने पुलिस के सामने कुबूल किया कि भट्ठा चौराहा के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान है। जहां उसके भाई का साला संतोष कुमार यादव पानी, गुटखा व सिगरेट की दुकान लगाता था। इसी दुकान की आय से परिवार चल रहा था। हिस्ट्रीशीटर सचिन यादव आए दिन संतोष की दुकान पर गुटखा, सिगरेट व अन्य सामान लेता। रुपये मांगने पर मारपीट करने लगता। जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं सचिन ने दुकान पर आने वाले ग्राहकों के साथ भी मारपीट की और कई लोगों को भड़का दिया। जिसके कारण दुकान बंद करनी पड़ी। दुकान बंद होने के कारण संतोष के आय का रास्ता बंद हो गया। इसके बाद आरोपियों ने मिलकर सचिन की हत्या की सजिश रची। योजना के तहत आरोपियों ने अंग्रेजी शराब की दुकान के पीछे पार्टी रखी। वहां सचिन को भी बुलाया। आरोपियों ने नॉनवेज खाया और शराब पी। फिर सचिन को और शराब पिलाने के बहाने से अवध विहार योजना सेक्टर-8 स्थित निजी स्कूल के पीछे खाली मैदान में लेकर गये। वहां पर सचिन को और शराब पिलाई। नशे में होने के बाद संतोष ने सचिन को पकड़ लिया। कमल ने तमंचे से कनपटी पर सटाकर गोली मार दी। उसकी मौत हो गई। इसके बाद सिर पर वार किया। मोबाइल लेकर वहां से भाग निकले। कुछ दूरी पर जाकर तमंचा सूखे पत्तों के ढेर में छिपाया। वहीं, मोबाइल नाले में फेंक दिया। पुलिस ने निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हथियार व मोबाइल बरामद कर लिया है।

### बीच सड़क पर दबंगई करने वाले गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली रोड स्थित वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-8 में कार ओवरटेक करने के विवाद में बीच सड़क पर युवक से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में बाराबंकी निवासी शाहनवाज और गोंसाईंगंज निवासी राम सिंह यादव शामिल हैं। घटना मंगलवार शाम शहीद पथ सर्विस लेन पर हुई थी। मामूली टक्कर के बाद होंडा सिटी कार सवार दबंगों ने आल्टो कार चला रहे रिलायंस कर्मचारी ज्ञानेंद्र यादव का करीब डेढ़ किलोमीटर तक पीछा किया। आरोप है कि वृंदावन सेक्टर-8 पहुंचने पर दबंगों ने कार आगे लगाकर ज्ञानेंद्र को रोक लिया। इसके बाद कार का शीशा तोड़कर उन्हें बाहर खींच लिया और लात-घूंसों से पीटा। आरोपियों ने अपहरण का प्रयास भी किया। घटना के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। पीछे चल रहे एक कार सवार ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।


पुलिस की गिरफ्त में सहारनपुर के लूट करने वाले गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

# सहारनपुर के गिरोह ने लूटी थी मंदिर के बाहर श्रद्धालु की चेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो सगे भाई समेत चार बदमाश गिरफ्तार
- लूटी गई चेन, बाइक व स्कूटी बरामद

**अमृत विचार :** पांडेयगंज चौकी से करीब 25 मीटर दूर स्थित हनुमान मंदिर गेट पर परिवार संग आए श्रद्धालु की चेन सहारनपुर के गिरोह ने लूटी थी। वजीरगंज पुलिस ने करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद दो सगे भाइयों समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई चेन, घटना में प्रयुक्त बाइक और स्कूटी बरामद हुई है।

डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि यहियागंज निवासी गौरव अग्रवाल 28 अप्रैल की रात परिवार के साथ कुल्फी खाने के बाद पांडेयगंज स्थित हनुमान मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। रात करीब 10:45 बजे मंदिर गेट पर स्कूटी खड़ी करते समय बाइक सवार बदमाश उनकी चेन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने पीछा किया, लेकिन आरोपी नाका की ओर भाग निकले।

29 अप्रैल को वजीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में चार टीमें गठित कीं। जांच के दौरान पुलिस ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद गुरुवार सुबह रेजीडेंसी के पास से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हैदर अली, इमरान, मो. साहिल और शारिक अली बताए। पुलिस के मुताबिक चारों मूल रूप से सहारनपुर के रहने वाले हैं और समूह बनाकर लूट की वारदात करते हैं। आरोपियों पर लूट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

# साइबर जालसाजों ने दो खातों से उड़ाए 3.37 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने दो युवकों के खातों से 3.37 लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोसाईंगंज के कटरा बक्कास निवासी संजय कुमार श्रीवास्तव का आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। पीड़ित के मुताबिक 16 अप्रैल को वह अपोलो अस्पताल में भर्ती थे और एटीएम से भुगतान किया था। इसके बाद उनका मोबाइल और सिम बंद हो गया। कुछ दिन बाद मोबाइल चालू होने पर खाते से रुपये निकलने के मैसेज मिले। बैंक जाकर जानकारी करने पर पता चला कि 18 से 22 अप्रैल के बीच खाते से कई बार में 2.42 लाख रुपये निकाले गए हैं।

वहीं, ठाकुरगंज के निवाजगंज टीवी हॉस्पिटल रोड निवासी दिलीप कुमार साहू के एसबीआई खाते से 25 अप्रैल को चार ट्रांजेक्शन में 95 हजार रुपये पार कर दिए गए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने बैंक और साइबर क्राइम सेल में शिकायत के बाद ठाकुरगंज थाने में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# झांसा देकर व्यवसायी से ऐंठे 52 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पार्थ आयंत अपार्टमेंट का फ्लैट दिखाकर किया एग्रीमेंट, बाद में दूसरे को बेच दिया
- डीसीपी मध्य के आदेश पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** शहीद पथ स्थित पार्थ आयंत अपार्टमेंट में फ्लैट बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने व्यवसायी से 52 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने फ्लैट का एग्रीमेंट करने के बाद उसे चोरी-छिपे दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। डीसीपी मध्य विक्रांत वीर के आदेश पर हजरतगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

विश्वासखंड-3 निवासी व्यवसायी राजीव अग्रवाल ने बताया कि बाराबंकी के रामस्नेहीघाट निवासी प्रॉपर्टी डीलर अरुण कुमार सिंह का उनके कार्यालय आना-जाना था। 4 सितंबर 2024 को अरुण ने उन्हें गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-7 स्थित पार्थ आयंत फेज-1 टॉवर अश्लेषा-ए में 1764 वर्गफीट का फ्लैट दिखाया। उनकी मुलाकात फ्लैट मालिक बताए गए शशिकांत पांडेय से कराई गई। आरोपियों ने फ्लैट के दस्तावेज दिखाए, जिसमें 23 दिसंबर 2023 को शशिकांत के नाम रजिस्ट्री दर्ज थी।

बातचीत के बाद फ्लैट का सौदा 55 लाख रुपये में तय हुआ और 5 सितंबर 2024 को एग्रीमेंट कर लिया गया। आरोप है कि शशिकांत ने जरूरत बताकर दो किश्तों में 49 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। एग्रीमेंट के समय छह लाख रुपये देने थे, लेकिन आरोपी की मांग पर पीड़ित ने तीन लाख रुपये और दे दिए।

52 लाख रुपये लेने के बाद आरोपी रजिस्ट्री टालने लगे। शक होने पर अप्रैल 2025 में छानबीन की गई तो पता चला कि फ्लैट 13 सितंबर 2024 को नोएडा निवासी अभिषेक पांडेय को बेचा जा चुका था। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नकली सामान बेचने वाले दुकानदार पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाका पुलिस ने कॉपीराइट उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक झंडेवाला चौराहा के पास स्थित दुकान पर छापा मारा गया। जहां नकली जीत बीड़ी का पैकेट बरामद हुआ। दुकान संचालक के खिलाफ कंपनी के एमडी गजेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जीत बीड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के एमडी गजेंद्र सिंह के मुताबिक उनको नकली उत्पादों की बिक्री रोकने व कानूनी कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। गजेंद्र के मुताबिक बुधवार दोपहर नाका पुलिस की टीम के साथ झंडेवाला चौराहे के पास यादव ट्रेडर्स नाम की दुकान पर छापा मारा गया। वहां मौजूद युवक ने अपना नाम आनंद यादव बताया। जांच के दौरान दुकान से जीत बीड़ी के 14 पैकेट बरामद हुए। पैकेटों के क्यूआर कोड को विशेष एप से स्कैन करने पर सभी पैकेट डुप्लीकेट पाए गए। इसके बाद पुलिस ने सामान को कब्जे में लेकर सील कर दिया और थाने ले आई। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा के मुताबिक कंपनी के एमडी की तहरीर पर कॉपीराइट एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# फर्जी अंकपत्र से चिकित्सक का पंजीकरण कराने में आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन वर्षों से फरार था आरोपी, हजरतगंज पुलिस ने बरेली से दबोचा
- बीएएमएस-बीयूएमएस की फर्जी डिग्री और प्रमाणपत्र लगाने का आरोप



**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ और श्रीराम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के बीएएमएस-बीयूएमएस के फर्जी अंकपत्र और प्रमाणपत्र लगाकर चिकित्सक का पंजीकरण कराने के मामले में हजरतगंज पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था।

डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि 29 नवंबर 2023 को लालबाग स्थित आयुर्वेदिक व यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि जाली अंकतालिका, इंटर्नशिप प्रमाणपत्र और डिग्री के जरिए कुछ लोग सुनियोजित तरीके से बोर्ड में पंजीकरण कराने का प्रयास कर रहे थे।

मामले में विवेक गिरी, राजेश कुमार गुप्ता, दीपेश सक्सेना, पंकज मिश्रा, अब्दुल रशीद, नरेश कुमार वर्मा और अशोक कुमार को आरोपी बनाया गया था। जांच के दौरान उपनिरीक्षक मधुकर सिंह की टीम ने बरेली के आनंद विहार कॉलोनी निवासी आरोपी राजेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी ने फर्जी बीएएमएस अंकतालिका, इंटर्नशिप प्रमाणपत्र और डिग्री के आधार पर आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड में पंजीकरण कराया था। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

**विधिक जागरूकता अभियान** | जिला जज मलखान सिंह ने जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाई

# लोक अदालत के प्रचार को रवाना हुईं पीआरवी, दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोक अदालत और निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की लोगों को जानकारी देने के लिए जिला न्यायालय परिसर में विशेष विधिक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। लखनऊ पुलिस और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पीआरवी वाहनों को विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पीआरवी टीमें शहर के साथ ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। अभियान के तहत पुलिस और डीएलएसए की संयुक्त टीमें घर-घर संपर्क, पंपलेट वितरण, जनसंवाद और सार्वजनिक उद्घोषणाओं के माध्यम से लोगों को जानकारी देंगी। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी सहायता योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। एडीसीपी (क्राइम) एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत किरन यादव ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन को सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है। पुलिस का प्रयास है कि यह जागरूकता अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम विवाद, बिजली-पानी बिल समेत कई मामलों का त्वरित और कम खर्च में निस्तारण संभव है। अभियान का उद्देश्य लोगों तक आसान और सुलभ न्याय व्यवस्था की जानकारी पहुंचाना है। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत प्रकाश तिवारी, डीएलएसए सचिव कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### नहीं रहे डालीगंज रामलीला के जनक मुरली मनोहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज की सबसे प्राचीन मौसमगंज रामलीला के वरिष्ठ कलाकार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरलीमनोहर त्रिपाठी का गुरुवार को निधन हो गया। करीब 85 वर्षीय मुरली मनोहर ने रामलीला रंगमंच पर लगभग 25 वर्ष राजा जनक का किरदार निभाया। उन्होंने रामलीला में सुग्रीव और रावण का किरदार भी निभाया। उनके निधन से रामलीला समिति ने गहरा दुख व्याप्त है। शंकर चौराहा स्थित उनके आवास से सुबह पार्थिव शरीर रामलीला मैदान लाया गया जहां पर रामलीला के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सुरेश श्रीवास्तव, राजेश त्रिपाठी, पीयूष निगम, आशीष प्रकाश, रवि चौरसिया, मधुर मोहन तिवारी और विनय नाग आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गुलाला घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।



### हाईस्कूल की छात्रा सहेली संग लापता

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर इलाके में बुधवार को घर से स्कूल के लिए निकली हाईस्कूल छात्रा सहपाठी किशोरी संग लापता हो गई। मूलरूप से इनायतपुर बर्रा थाना औरास जिला उन्नाव निवासी किरन वर्मा पत्नी रघुवीर ने बताया कि वह वर्तमान में न्यू इंद्रपुरी थाना कृष्णानगर लखनऊ में अपनी 17 वर्षीय पुत्री रागिनी के साथ रहती है। बेटी पास के निजी स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है। 6 मई की सुबह रागिनी अपनी सहेली ललिता रावत पुत्री सन्त राम रावत निवासी हाइडिल कॉलोनी के साथ स्कूल के लिए निकली थी। उसके बाद से दोनों घर नहीं लौटी हैं। खोजबीन के बाद छात्रा की मां ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### डेढ़ किलो अफीम संग कैरियर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कैरियर को एसटीएफ ने गुरुवार रात मोहनलालगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से करीब डेढ़ किलो अफीम बरामद हुई है। बरामद माल की कीमत करीब साढ़े आठ लाख रुपये बतायी जा रही है।डीएसपी एसटीएफ धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि सूचना पर उनकी टीम ने राधास्वामी सत्संग स्थित माधवखेड़ा हनुमान मंदिर के पास से आरोपी को पकड़ा। आरोपी शहीम आलम बिहार के बेतिया का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि पिछले काफी समय से अफीम खरीदने और बेचने का कार्य कर रहा है। आरोपी के खिलाफ मोहनलालगंज कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### नगर विकास मंत्री आज करेंगे शुभारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अभियान का जागरुकता अभियान शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित झंडी पार्क में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री एके शर्मा सुबह 11:30 बजे करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी। इस अवसर पर नगर निगम के सभी पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जनगणना 2027 अभियान "हमारी जनगणना, हमारा विकास" थीम पर आधारित है।

# इकाना में बिजली की तरह गिरीं प्रिंस की गेंदें

## आरसीबी के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली को शून्य पर किया क्लीन बोल्ड, पटिक्कर और जितेश को भी पवेलियन लौटाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में प्रिंस यादव की घातक गेंदबाजी ने लगातार कई मैच से हारती चली जा रही एलएसजी नैया पार लगा दी। प्रिंस ने अपने पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर आरसीबी के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली को क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद उन्होंने क्रीच पर जम चुके देव दत्त पटिक्कर को काटन बोल्ड कर पवेलियन लौटा दिया। पटिक्कर की जगह खेलने आए जितेश शर्मा को भी प्रिंस ने एक रन की स्कोर पर चलता कर दिया। इसके पहले मिशल मार्श ने 56 गेंदों पर 9 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 111 रनों की आतिशी पारी खेलकर एलएसजी को घरेलू मैदान पर मजबूत आधार दिया।

इकाना में रिमझिम बारिश के बीच भी रोमांच का पारा चढ़ा दिया। 'किंग' कोहली की चमक देखने आए हजारों प्रशंसकों की आंखें तब फटी रह गईं, जब लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। इस एक विकेट ने पूरे स्टेडियम को 'एलएसजी-एलएसजी' के नारों से गुंजा दिया और लखनऊ को अपने घरेलू मैदान पर सत्र की पहली ऐतिहासिक जीत नसीब हुई। धुनों पर थिरका इकाना मैच के दौरान जब 'खइके पान बनारस वाला' और 'तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त' जैसे फिल्मी नगमे बजे, तो दर्शक खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। तीन बार हुई बारिश और बार-बार रुकते खेल के बावजूद प्रशंसकों का जुनून कम नहीं हुआ और वे अंतिम गेंद तक स्टेडियम में डटे रहे।

### बारिश की बाधा से दो बार थमा मैच

- बरसात के कारण मुकाबले को दो बार रोकना पड़ा। मैच शुरू होने के अभी मात्र 1.3 ओवर ही हुए थे कि अचानक आई तेज बारिश के कारण अंपायरों को खेल रोकना पड़ा और विकेट को कवर से ढक दिया गया। मौसम साफ होने पर खेल दोबारा शुरू हुआ, लेकिन नौवें ओवर की समाप्ति के बाद एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। खेल रुकने तक लखनऊ की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना किसी नुकसान के 95 रन बना लिए थे।





विकेट लेने के बाद खुशी मनते प्रिंस यादव और मैच के बाद एक दूसरे को बधाई देते खिलाड़ी। अमृत विचार

### भुवनेश्वर कुमार 200 आईपीएल मैच खेलने वाले यूपी के पहले गेंदबाज

- प्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल के इतिहास में एक नया इतिहास रच दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरते ही भुवी आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले यूपी के पहले गेंदबाज बन गए। उनसे पहले उत्तर प्रदेश के सुरेश रैना ने 200 से अधिक आईपीएल मैच खेले हैं। भुवनेश्वर के शानदार करियर पर नजर डालें तो उनके नाम अब तक कुल 215 विकेट दर्ज हैं, जिसमें 19 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड युजवेंद्र चहल के पास है। उन्होंने 186 गेंदों में 229 विकेट लिये। तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं। उन्होंने 155 मैच में 186 विकेट लिये।

## अधिकारी के प्लॉट पर कब्जे का प्रयास, तोड़-फोड़

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में दबंगों ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के प्लॉट पर कब्जे के प्रयास करते हुए तोड़फोड़ की। जानकारी होने पर पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

गोमतीनगर के विराजखण्ड निवासी रिटायर्ड आईएएस रामसिंह ने बताया कि बिजनौर के औरंगाबाद जागीर स्थित शिवानी नगर में उनका एसआर होटल के पास आवासीय प्लॉट है, जिसकी रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज उनके नाम दर्ज है। 5 मई की शाम करीब पांच बजे वे घर पहुंचे तो अज्ञात व्यक्तियों ने सूचना दी कि कुछ वकील सहित 15 से 20 लोगों ने जेसीबी मशीन से उनके प्लॉट की बाउंड्रीवाल और पिलर तोड़कर जमीन को साफ करा दी है। सूचना पर वे पत्नी के साथ प्लॉट पर पहुंचे तो वहां बाउंड्री क्षतिग्रस्त होने के साथ सफाई कराई जा चुकी थी। रामसिंह का आरोप है कि अगले दिन सुबह कुछ लोग मजदूरों और निर्माण सामग्री के साथ फिर प्लॉट पर पहुंचे और कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

# जनगणना में धर्म के कॉलम में इस्लाम और मातृभाषा में उर्दू लिखें मुसलमान

## इस्लामिक सेंटर में हुई बैठक में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जनगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य गुरुवार को सेइस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली की अध्यक्षता में इस्लामिक सेन्टर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मौलाना खालिद ने 7 मई से जनगणना का पहला चरण शुरू हो गया है। प्रत्येक परिवार के मुखिया को se.census.gov.in पोर्टल पर अपनी और अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज करनी होगी। स्वयं जानकारी भरने की यह 21 मई तक चलेगी। जनगणना के फॉर्म में सभी 34 प्रश्न के सही उत्तर देना अनिवार्य है। निवास और परिवार से संबंधित इन प्रश्नों की गलत जानकारी न दें। कोई भी दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत नहीं है। पोर्टल खोलने पर मोबाइल नंबर पर 11 अंकों की आईडी आएगी। इस पर जानकारी भर सकेंगे। 21 मई के बाद घर आने वाले जनगणना कर्मचारी को आईडी दिखानी होगी। मौलाना ने मुसलमानों से धर्म के कॉलम में इस्लाम और मातृभाषा के कॉलम में उर्दू लिखने की अपील की है। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया, ईदगाह ऐशबाग में एक जनगणना हेल्प डेस्क बनाई गई है। इसमें सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मोबाइल नंबर 7905381076, 73355097779 और 95801120321 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी, मौलाना मोहम्मद मुश्ताक, मौलाना मोहम्मद सुफियान, मौलाना अब्दुल लतीफ, मौलाना अब्दुल मुगीस, अदनान खान और मुनीब अलवी मौजूद रहे।



ऑनलाइन की स्व गणना करते जिलाधिकारी विशाख जी।

### डीएम ने पोर्टल पर ऑनलाइन की स्व गणना

- लखनऊ में गुरुवार से जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व गणना का कार्य शुरू हो गया। प्रगणकों और जनगणनाकर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को स्व-गणना के लिए जागरूक किया। साथ ही जनगणना के लिए निर्धारित 33 प्रश्न पूछे। जिलाधिकारी विशाख जी ने एनआईसी सभागार में स्व गणना प्रक्रिया के तहत पोर्टल se.census.gov.in पर अपनी आवश्यक जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर फार्म सबमिट किया। उप निदेशक जनगणना, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मौजूद रहे।



जनगणना ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए कलेक्ट्रेट में खड़े कर्मचारी।

### जनगणना ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए कलेक्ट्रेट में लगी लाइन

- **अमृत विचार,लखनऊ :** जनगणना ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह के कार्यालय के बाहर कर्मचारियों की लाइन लगी रही। इनमें महिला कर्मचारियों की संख्या ज्यादा थी। उनका कहना था कि उनकी ड्यूटी घर से काफी दूर दूसरे जोन में लग गई है, जोन बदलवाने के लिए प्रार्थना पत्र देने आए हैं। दूरी के कारण उन्हें आने-जाने में असुविधा हो रही है। कलेक्ट्रेट में चल रहे रिनोवेशन कार्य के कारण कर्मचारियों को धूल के बीच लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

### छावनी में 450 ने कराई स्वगणना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक विद्यालय, आरए बाजार, तोपखाना छावनी में गुरुवार को आयोजित ''स्वगणना'' अभियान में अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। छावनी परिषद लखनऊ के मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी अभिषेक राठौर के निर्देश पर विद्यालय, चिकित्सालय, कार्यालय, स्टोर, सफाई एवं जलापूर्ति आदि के लगभग 435 कर्मचारियों ने स्वगणना कराई। इसके अतिरिक्त छावनी के प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा कार्यालय, प्रधान लेखा नियंत्रक कार्यालय, एएमसी सेंटर, मुख्यालय मध्य यूपी सब एरिया, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड व 11 जीआरआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सैन्य अधिकारियों ने स्वगणना कराई। इसमें लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह, जीओसी सब एरिया, मनीष कुकरेती, डिप्टी जीओसी सौमीत पटनायक, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड एवं 11 जीआरआरसी के सैन्य अधिकारी, एएमसी सेंटर के ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, निदेशक रक्षा सम्पदा मध्य कमान के पुष्पेंद्र सिंह आदि शामिल हुए।ण्नोडल अधिकारी मंशू बुधराजा, मंजू वर्मा, उमंग प्रसाद ने सहयोग किया।

# आकार ले रहा बाबा साहेब का हाईटेक केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों, संघर्ष और संविधान निर्माण की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार एक हाईटेक स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र विकसित कर रही है। ऐशबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन "भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र" का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है और जुलाई 2026 तक इसके पूरा होने की संभावना है।

करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस केंद्र को केवल स्मारक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, शोध और वैचारिक संवाद के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने बाबा साहेब की पत्नी डॉ. सविता आंबेडकर की उस इच्छा को पूरा किया है, जिसमें उन्होंने बाबा साहेब के अस्थि अवशेषों पर भव्य स्मारक, पुस्तकालय और संग्रहालय बनाने की बात कही थी।

### रिसर्च सेंटर से डिजिटल गैलरी तक

- स्मारक परिसर में 25 फीट ऊंची बाबा साहेब की कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा यहां आधुनिक संग्रहालय, फोटो गैलरी, विशाल पुस्तकालय और शोध केंद्र विकसित किया जा रहा है। आंबेडकर विश्वविद्यालय के सहयोग से यहां पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा मिलेगी। शोधार्थियों के लिए हॉस्टल और भोजन व्यवस्था भी परिसर में ही उपलब्ध होगी। परिसर को तकनीकी रूप से भी आधुनिक बनाया जा रहा है। ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन, वर्चुअल रियलिटी शो और डिजिटल माध्यमों से बाबा साहेब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की तैयारी है।

### अस्थि कलश भी होगा स्थापित

- आंबेडकर महासभा में सुरक्षित बाबा साहेब के अस्थि कलश को पूरे सम्मान के साथ इस स्मारक में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही परिसर में विपश्यना ध्यान केंद्र भी बनाया जा रहा है। डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्मारक के लिए जमीन देने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में मामला आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ से दोबारा मांग की गई, जिस पर उन्होंने तत्काल सहमति दी और परियोजना को प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया।

## सिटी डायरी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुलदस्ता देते सीआईआई अध्यक्ष राजीव मेमानी साथ में अन्य।

### सीआईआई अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**अमृत विचार,लखनऊ :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान मेमानी ने मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के लिए उनके नेतृत्व में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना, निवेश प्रोत्साहन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में हो रही प्रगति की सराहना की। इस अवसर पर सुनील मिश्र, आलोक शुक्ला और सुकांत रॉय भी उपस्थित रहे। सीआईआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास की यात्रा को और मजबूत बनाने तथा उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी आर्थिक शक्ति बनाने के प्रयासों में अपना सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।





शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद नवनिर्वाचित इकाई व अन्य।

### बीएन रोड व्यापार मंडल ने ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीएन रोड लखनऊ व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने गुरुवार को शपथ ली। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र और चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में अध्यक्ष मोहम्मद शारिक, वरिष्ठ महामंत्री मोहम्मद शुऐब, महामंत्री शीबान सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित, उपाध्यक्ष अखिल सिक्का अब्दुल्लाह, वरिष्ठ मंत्री जसपाल सिंह सलाहकार, काजी दाऊद, जफर वरिष्ठ संगठन सचिव अमन सिंह,संगठन सचिव : मोहम्मद साद, अरीन कुमार, मो. शादाब, प्रचार मंत्री मो. शबान, मो. दानिश, मो. तारिक और विधि सलाहकार सैफ अली, अरशद जमील को शपथ दिलाई गई। संगठन के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महामंत्री सुहैल हैदर अल्वी भी रहे।



कथक संस्थान में व्ख्यायन देते डॉ. सुनील विश्वकर्मा।

### कथक संस्थान में हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार,लखनऊ :** बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से दृश्य कला के सौन्दर्य तत्व : नृत्य के संदर्भ में विषयक व्याख्यान का गुरुवार को संस्थान परिसर में आयोजन किया गया। राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा इसके मुख्य वक्ता थे। उन्होंने कला एवं विचारों के माध्यम से श्रोताओं के समक्ष सौंदर्य सिद्धान्तों पर चर्चा की। भातखंडे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर, उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी की मौजूद रहीं। संचालन संस्थान की प्रशिक्षिका डॉ. उपासना दीक्षित ने किया।



अतिथियों और आयोजकों के साथ मेधावी छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

### मेधावियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में आसरा वेलफेयर फाउंडेशन ने गुरुवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल , प्रधानाचार्य राजीव कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक राजीव गुप्ता, सुदर्शन कटिहार व अन्य मौजूद रहे।

**पुष्पांजलि** बंगीय नागरिक समाज ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती का रवीन्द्र उपवन में किया कार्यक्रम

# 14 लोगों को सपत्नीक सेरा बांगाली सम्मान से नवाजा





गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित करते लखनऊ बंगीय नागरिक समाज के लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ बंगीय नागरिक समाज ने गुरुवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर (टैगोर) की जयंती का हजरतगंज स्थित नव-निर्मित रवीन्द्र उपवन में कार्यक्रम किया। इसमें 14 लोगों को सपत्नीक सेरा बांगाली सममान और छह लोगों को वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया।

12 बजे गुरुदेव की प्रतिमा पर समाज के संरक्षक सुधीर हलवासिया ने माल्यार्पण किया। वंदे मातरम् का सामूहिक पाठ कर मिठाई बांटी गई। राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए गुरुदेव और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के नाम पर एक-एक पौधा लगाया गया। दोपहर 3 बजे सेमिट्टू रॉय, डॉ. उत्तम मुखर्जी और सोनाली मित्रा गोस्वामी ने गुरुदेव की रचनाओं का काव्यपाठ किया। आयोजन में रत्ना बापुली, डॉ. माधवी मिश्रा, विजय कुमारी मौर्य, मुकेशनंद, कृष्णानंद, डॉ. शरद पांडेय, शशांक, प्रवीण कुमार शुक्ल, एसके मिश्रा भ्रमर बैसवारी तथा संजय मेहरोत्रा हमनवा, रामराज भारती, दिनेश सोनी, भारती पायल तथा ज्योति किरण रतन ने विचार व्यक्त किए। बादल चटर्जी, नितिन डे, अशोक डे, एके सक्सेना, किशोर डे, निहार डे, डॉ. यूके मुखर्जी, आईएस भट्टाचार्य, असीम रॉय और पंकज बोस को सपत्नीक सेरा बांगाली (अमूल्य बांगाली) सम्मान से सम्मानित किया गया।कृष्णानंद, डीके पाल, प्रवीण कुमार शुक्ला गोबर गणेश, एससी चौबे, एससी जौहरी को वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिया गया।

## सिटी ब्रीफ

### पीएचडी के छह विषयों के नतीजे जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत आयोजित प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत छह विषयों की प्रोविजनल कंप्लीट मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि ललित कला, रक्षा अध्ययन, कंप्यूटर साइंस, उर्दू, प्राच्य संस्कृत और फ्रेंच विषयों की कंप्लीट मेरिट सूची घोषित कर दी गई है। जिसे अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

### एकेटीयू का आविर्भाव दिवस आज

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का आविर्भाव दिवस आठ मई को परिसर में मनाया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शुरूआत पौधरोपण से होगी। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता, तकनीकी क्विज, निबंध, भाषण भी होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नाटक, गायन,, नृत्य प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। आविर्भाव दिवस के लिए विश्वविद्यालय में तैयारियां चल रहीं हैं। विभिन्न आयोजनों के लिए समितियों का गठन किया गया है।

### एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सात मई से शुरू हो गयी। पहले दिन परीक्षा की दोनों पालियों में करीब 96 हजार ने परीक्षा दी। पहले दिन 131 केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गयी। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए सभी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी के जरिये विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से निगरानी की गयी। साथ ही केंद्रों पर तैनात पर्यवेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इस बार परीक्षा में करीब तीन लाख तीस हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया।

### एयरपोर्ट पर दो यात्रियों के बैग में मिले कारतूस

अमृत विचार, सरोजनीनगर : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर गुरुवार को मुंबई और अहमदाबाद जा रहे दो यात्रियों के पास 32 बोर के एक-एक कारतूस मिले। सीआईएसएफ ने दोनों को हिरासत में लेकर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। शस्त्र लाइसेंस दिखाने के बाद पुलिस ने कारतूस जब्त कर यात्रियों को छोड़ दिया। फिलहाल इस कार्रवाई से दोनों यात्रियों के विमान छूट गए। कानपुर निवासी गजेंद्र सिंह चौहान लखनऊ से सुबह 7 :55 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1027) से मुंबई जा रहे थे। जबकि लखनऊ के मानवेंद्र प्रताप सिंह सुबह 9 :05 बजे लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 142) से अहमदाबाद जा रहे थे। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान मानवेंद्र के बैग से .32 बोर का कारतूस, जबकि गजेंद्र के हैंडबैग से भी .32 बोर का कारतूस बरामद हुआ था।

### किशोरी को अगवा करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, गोसाईंगंज : थाना क्षेत्र 16 वर्षीय किशोरी बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अगवा करने वाले आरोपी को गोसाईंगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 4 मई को पीड़ित बाबा ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जांच के दौरान आरोपी आशीष उर्फ निर्मल को पकड़ा गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही किशोरी का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा।

### मोबाइल के विवाद में दिव्यांग को पीटा

अमृत विचार , सरोजनीनगर : बिजनौर थाना क्षेत्र में मोबाइल लेने को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने दिव्यांग युवक की पिटाई कर उसकी दुकान में तोड़फोड़ की। राम निवास ने बताया कि उनका बेटा कैलाश चन्द्र बिजनौर के न्यू गुड़ौरा मैं मोबाइल की दुकान चलाता है। आरोप है कि 5 मई की शाम कैलाश अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी शाम करीब साढ़े छह बजे धर्मेन्द्र भारतीय का बेटा गौरव भारती अपने तीन साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और मोबाइल लेने की जिद करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने दुकान में घुसकर कैलाश के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

# एमएड, बीएलएड समेत चार कोर्सों में कॉलेज नहीं ले सकेंगे सीधे दाखिला

## लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े पांच जिलों के 500 से ज्यादा कॉलेजों में लागू होगा नियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलसचिव ने एनसीटीई रेगुलेशन के तहत जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एनसीटीई से मान्यता प्राप्त एमएड, बीएलएड, बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल विश्वविद्यालय की केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ही होंगे। किसी अन्य माध्यम से लिए गए प्रवेश मान्य नहीं होंगे। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि यह व्यवस्था एनसीटीई रेगुलेशन-14 के प्रावधानों के तहत लागू की जा रही है। यह प्रक्रिया लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी स्थित सहयुक्त महाविद्यालयों पर भी लागू होगी। विश्वविद्यालय ने उन कॉलेजों को तत्काल आवेदन करने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने अभी तक केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन नहीं किया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने की स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए संबंधित कॉलेज स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी :** शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी, बीकॉम व बीए नॉन एनईपी के चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, बीबीए टूरिज्म चतुर्थ व छठे सेमेस्टर और एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार व एमटीटीएम चतुर्थ सेमेस्टर का शेड्यूल घोषित हुआ है।

### कोडिंग व प्रयोगात्मक कौशल के हुनर सीखेंगे छात्र

■ **अमृत विचार , लखनऊ :** राजधानी के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान वर्ग के कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थी आईआईटी में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा माध्यमिक से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में विद्यार्थियों को कोडिंग व प्रयोगात्मक कौशल के गुर सीखने के लिए आईआईटी कानपुर में अवसर प्राप्त होगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि आईआईटी कानपुर के ऑनलाइन रूरल एजुकेशन इनिशिएटिव (ओआरईआई) के अन्तर्गत राजधानी के 6 विद्यार्थियों में कोडिंग ,प्रयोगात्मक कौशल आदि विकसित करने के उद्देश्य से मई जून माह में साइन्स समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की अवधि 25 मई से 24 जून तक निर्धारित की गई है।

# लखनऊ विवि में गणित विभाग के छात्रों ने मूल्यांकन पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाजवादी छात्र सभा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



विश्वविद्यालय की मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मानकों के अनुरूप है। नियमों के तहत एग्जामिनेशन ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी का विकल्प खुला है। प्रशासन सदैव न्यायोचित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।
-प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी गणित विभाग के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को मूल्यांकन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का आरोप है कि आंतरिक परीक्षा में 30 अंकों में केवल 4-5 अंक दिए जा रहे हैं और थ्योरी परीक्षा में स्टेप मार्किंग नहीं की जा रही है। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छात्र नेता अभिषेक श्रीवास्तव की अगुवाई में छात्रों ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुने और उनके साथ न्याय करे। छात्रों ने आरोप लगाया कि पूरी उपस्थिति के बावजूद कई विद्यार्थियों को फेल कर दिया गया, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि खराब परिणाम के कारण अगले सत्र में आवास मिलने में भी परेशानी हो सकती है। छात्रों का यह भी आरोप रहा कि विभागाध्यक्ष प्रो. मीना सहाय और प्रो. विवेक सहाय उनसे संवाद नहीं करते और समस्याएं सुनने से बचते हैं। प्रदर्शनकारियों में अभिषेक अग्निहोत्री, अमन राय, राधिका गिरी, ऐश्वर्य गुप्ता, महक सिंह सूर्यवंशी, राखी, अंजली, प्रतिमा सिद्धार्थ, मानसी ठाकुर, साक्षी यादव, भास्कर शर्मा, सुनंदा यादव, आदर्श सैनी, कुलदीप कुमार, आदित्य सिंह, रचना यादव, अदिति जायसवाल, निधि यादव, अमरजीत चौरसिया, आरती वर्मा, यशि पाण्डेय, प्रतिभा मौर्य, अंजली गौड़, निक्की मिश्रा, प्रीति कुशवाहा, नैन्सी नांद, शिवानी यादव, सुरभि अवस्थी और तनिष्का गुप्ता समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# डॉ. प्रबोध ने संभाला सीएसआईआर सीमैप के निदेशक का पदभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी

**अमृत विचार:** सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) में प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही डॉ. ज़बीर अहमद को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया। डॉ. त्रिवेदी भारत की चारों प्रमुख विज्ञान अकादमियों भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के फेलो तथा जे.सी. बोस राष्ट्रीय फेलो हैं। वे पादप आणविक जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदानों के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं।

फरवरी 2020 से फरवरी 2026 तक निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया तथा अरोमा मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों को "राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2025" के लिए भी मान्यता प्राप्त हुई। संस्थान को उम्मीद है कि डॉ. त्रिवेदी के नेतृत्व में औषधीय एवं सुगंधित पौधों के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी आधारित गतिविधियों को नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि डॉ. त्रिवेदी की नियुक्ति से पूर्व डॉ. ज़बीर अहमद, सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान (आईआईआईएम) के निदेशक के रूप में कार्यरत रहते हुए सीमैप के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। उन्होंने 14 फरवरी से यह दायित्व निभाया और संस्थान में वैज्ञानिक गतिविधियों तथा प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# एकेटीयू में शुरू हुई फोटोग्राफी प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रदर्शनी में चित्र देखती युवतियां। अमृत विचार

- वास्तुकला, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को तस्वीरों में दी अभिव्यक्ति
- विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता की विशेषज्ञों ने सराहना

**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के वास्तुकला एवं योजना संकाय में चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों की दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी गुरुवार से शुरू हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन डीन प्रो. वंदना सहगल और विभागाध्यक्ष प्रो. रितु गुलाटी ने किया। प्रदर्शनी 8 मई तक आयोजित की जाएगी।

आर्किटेक्ट वैभव कुलश्रेष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वास्तुकला, शहरी जीवन, संस्कृति, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं को फोटोग्राफी के माध्यम से प्रस्तुत किया है। प्रदर्शनी में संरचना, प्रकाश, टेक्सचर और स्थानिक समझ के जरिए मनुष्य और निर्मित परिवेश के संबंधों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। विभिन्न तस्वीरों में शहर के बदलते परिवेश, सामाजिक जीवन और प्रकृति के विविध रंगों को भी उकेरा गया है। डीन प्रो. वंदना सहगल और विभागाध्यक्ष प्रो. रितु गुलाटी ने विद्यार्थियों की कलात्मक दृष्टि, तकनीकी दक्षता और कथ्य प्रस्तुत करने की क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनात्मक माध्यम वास्तुकला की समझ को अधिक संवेदनशील और दृश्य संप्रेषण को प्रभावशाली बनाते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ फोटोग्राफर अतुल हुंडु, कला शिक्षक गिरीश पांडेय, कलाकार भूपेंद्र अस्थाना और धीरज यादव ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के तकनीकी और कलात्मक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी केवल दृश्य को कैद करने की कला नहीं, बल्कि भावनाओं और समय की स्मृतियों को सहेजने का माध्यम भी है।

प्रदर्शनी में अंकित वर्मा, अनमोल कुमार श्रीवास्तव, अर्नव पांडेय, मनु सोनी, मयंक सिंह और वैभवी सक्सेना समेत कई विद्यार्थियों की तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं।

### समानता व सामाजिक न्याय के संदेश के साथ प्रतियोगिता संपन्न

**अमृत विचार , लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में "डॉ. अम्बेडकर का सामाजिक न्याय का दृष्टिकोण : शब्दों से परे समानता" विषय पर संगोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की।अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश शेड्यूल कास्ट फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के वाइस चेयरमैन बिश्व नाथ उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. एस. विक्टर बाबू ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन प्रेरणादायक उदाहरण है। मुख्य अतिथि बिश्व नाथ ने कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत के महान चिंतक और सामाजिक न्याय के सशक्त प्रतीक थे।

# जीत के साथ श्रेयंत महंतेशा सेमीफाइनल में



हर्षा कार्तिका ओरुगांती



शाजफा वानिया





प्रार्थना खेड़कर



कार्तिका पद्मकुमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट
- बालिका एकल में तेजस्वी व नीशा अंतिम चार में

**अमृत विचार :** भारत के श्रेयंत महंतेशा ने आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में टाईब्रेक तक चले रोमांचक मैच में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बालिका एकल में छठीं वरीय भारत की तेजस्वी मन्नेनी व नीशा एंजा ने मैच में जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक युगल के सेमीफाइनल में चुक्का लक्ष्य वर्धन व परंजय सिवाच और ऋश्व सरोहा व आरव चावला की जोड़ियों ने फाइनल में जगह बनाते हुए खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। बालिका युगल सेमीफाइनल में एंजल पटेल व रिद्धि शिंदे की जोड़ी भी फाइनल में पहुंची।

गोमतीनगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरिना में खेले जा रहे टूर्नामेंट के बालक एकल क्वार्टर फाइनल में श्रेयंत महंतेशा ने भारत के ही चुक्का लक्ष्य वर्धन को डबल टाईब्रेक में 6-7(3), 6-2, 7-6(6) से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच बेहद रोमांचक रहा। पहला सेट लक्ष्य वर्धन ने टाईब्रेक में अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में श्रेयंत ने शानदार कोर्ट कवरेज व आक्रामक खेल के चलते वापसी की। निर्णायक तीसरा सेट भी टाईब्रेक तक पहुंचा, जहां श्रेयंत ने संयम के साथ खेलते हुए जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

बालक एकल में शीर्ष वरीय ओम पटेल ने सातवीं वरीय शौनक चटर्जी के खिलाफ एकतरफा 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। ऋश्व सरोहा ने वरद उंद्रे को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी, जबकि क्वालीफायर पार्थिव नल्लागुंडला ने लेथेश एस. कोंबिला को 6-1, 6-0 से हराते हुए अंतिम चार में प्रवेश किया।

# राजधानी में बढ़ा अपराधों का रिकार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एनसीआरबी ने जारी किया 2024 का आंकड़ा, 2022 व 23 से की गई तुलना
- देश के 19 मेट्रोपोलिटन सिटी में शामिल लखनऊ अपराध में पांचवें स्थान पर

**अमृत विचार:** हत्या, लूट व अपहरण के मामले में लखनऊ कमिश्नरेट अव्वल है। प्रदेश की राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने का भी खास अंतर नहीं दिखा। राजधानी में अपराध का रिकार्ड लगातार बढ़ता गया। यह बात नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट ने पुलिस के सुरक्षा व अपराध नियंत्रण के दावों की कलई खोलकर रख दी है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 19 मेट्रोपोलिटन शहरों में लखनऊ अपराध के मामले में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। हत्या, लूट, डकैती, चोरी, महिला अपराध और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों को मिलाकर राजधानी में वर्ष 2024 में 14,467 से अधिक मामले दर्ज किए गए। वहीं उत्तर प्रदेश के तीन प्रमुख मेट्रो शहरों में लखनऊ सबसे ऊपर है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद में 8963 और कानपुर में 12,350 अपराध दर्ज हुए। वहीं लखनऊ ने दोनों कमिश्नरेट को पीछे छोड़ दिया। अपराध दर के प्रतिशत की बात करें तो दिल्ली 1688 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद जयपुर 903, नागपुर 631, पटना 608 और लखनऊ 498 प्रतिशत अपराध दर के साथ सूची में शामिल है। राजधानी में सबसे अधिक अपहरण, हत्या और चोरी की घटनाएं हुई है। वर्ष 2024 में लखनऊ में अपहरण के 580 मामले दर्ज किए गए, जबकि गाजियाबाद में 468 और कानपुर में 358 मामले सामने आए।

### योजनाएं नहीं आई काम

■ राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए छह वर्ष हो चुके हैं। कमिश्नरेट व्यवस्था के बाद पुलिस ने कई योजनाएं लागू की। इसमें नमस्ते पुलिस, रेसर मोबाइल, रात्रि गश्त, महिला सुरक्षा अभियान और स्मार्ट पेट्रोलिंग जैसी योजनाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। शहर में लगातार गश्त और अपराधियों पर निगरानी की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अपराध कम होने के बजाय बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।

चोरी की घटनाओं में भी लखनऊ 991 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। हत्या के मामलों में भी स्थिति भयावह रही। वर्ष 2024 में लखनऊ में 97 हत्याएं दर्ज हुईं, जबकि कानपुर में 93 और गाजियाबाद में 53 हत्या के मामले सामने आए। दिन ब दिन बढ़ते अपराध ने पुलिस के इकबाल को खुली चुनौती दी है।

**आक्रोश** | प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में तत्काल रिहाई की उठी मांग

# सत्यम वर्मा की गिरफ्तारी को रिहाई मंच ने बताया गैरकानूनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं कवयित्री कात्यायनी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नोएडा मजदूर आंदोलन में हिंसा के मामले में गिरफ्तार सत्यम वर्मा की गिरफ्तारी को रिहाई मंच ने गैरकानूनी बताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में कवयित्री कात्यायनी, रिहाई मंच की संयोजिका कविता कृष्णपल्लवी, मानवाधिकार कार्यकर्ता हिमांशु कुमार, इप्टा के राकेश, प्रो. रमेश दीक्षित और अन्य वक्ताओं ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए।

कविता कृष्णपल्लवी ने कहा कि सत्यम वर्मा का नोएडा मजदूर आंदोलन से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था और न ही वे आंदोलन के दौरान नोएडा गए थे। आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना सीजर मेमो के उनके लैपटॉप, मोबाइल, हार्डडिस्क, डेस्कटॉप, डायरी और किताबें जब्त कर लीं। साथ ही उन्हें 42 घंटे तक अज्ञात स्थान पर रखा गया।

कवयित्री कात्यायनी ने बताया कि 10 अप्रैल को निरालानगर चौकी पुलिस सत्यम को पूछताछ के नाम पर ले गई थी। इसके बाद 13 और 17 अप्रैल को भी पुलिस ने जनचेतना पुस्तक प्रतिष्ठान और उनके आवास पर छापेमारी की। आरोप है कि पुलिस ने बिना सर्च वारंट तलाशी ली और कंप्यूटर, मोबाइल, फाइलें व अन्य सामान अपने साथ ले गई। इस दौरान सत्यम और कात्यायनी को वकीलों से संपर्क और जरूरी दवाएं लेने की अनुमति भी नहीं दी गई।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस मजदूर आंदोलन और उससे जुड़े संगठनों को साजिश से जोड़ने का प्रयास कर रही है। प्रो. रमेश दीक्षित ने उत्तर प्रदेश में बढ़ती गैरकानूनी गिरफ्तारियों और दमनात्मक कार्रवाई पर चिंता जताते हुए सभी गिरफ्तार छात्रों, मजदूरों और कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग की।

# दहेज में 10 लाख व लग्जरी कार न मिलने पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खदरा रूपपुर निवासी शिफा खान ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और तीन तलाक देने का आरोप लगाया है।

शिफा के मुताबिक उनकी शादी 25 नवंबर 2019 को शाहजहांपुर के जंगला निवासी शादमान अहमद से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने कम दहेज का ताना देना शुरू कर दिया और 10 लाख रुपये व लग्जरी कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट भी की गई।

13 दिसंबर 2020 को बेटे के जन्म के बाद भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि सास और पति ने गाली-गलौज कर घर से निकालने की धमकी दी, जिसके बाद मायकेवाले उसे अपने साथ ले गए। करीब आठ माह बाद पति समझौते की बात कहकर उसे वापस ले गया, लेकिन दो सप्ताह बाद फिर दहेज की मांग शुरू कर दी।

प्रताड़ना से परेशान होकर शिफा 18 मई 2025 को मायके आ गई। आरोप है कि 2 जुलाई को पति ससुराल पहुंचा और विवाद के दौरान गाली-गलौज करते हुए तीन तलाक देकर धमकी देता हुआ चला गया। एसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।